इंटर्नशिप रिपोर्ट 2022 - 23

- श्री मुरली मनोहर टाउन स्नातकोत्तर महाविद्यालय बलिया के बी.एड. विभाग के सत्र 2021 23 के तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों का इंटर्नशिप (4 माह / 16 सप्ताह) कार्यक्रम दिनांक20.09.2022 से 30.01.2023 तक जनपद बलिया के विभिन्न स्कूलों एवं कालेजों में   यथा   उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवकली,जूनियर हाईस्कूल हरपुर तथा कुंवर सिंह इंटर कॉलेज बलिया में सकुशल संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने छात्राध्यापक एवं छात्राध्यापिकाओं के रूप में विभिन्न कक्षाओं (कक्षा 6 , 7 और 8) में शिक्षण अभ्यास के साथ अन्य पाठ्य सहगामी क्रियाओं का अभ्यास किया ।
- शिक्षण अभ्यास क्रिया- शिक्षण अभ्यास सत्र के दौरान छात्राध्यापक एवं छात्राध्यापिकाओं ने अपने निश्चित ड्रेस कोड में प्रतिदिन प्रशिक्षण कार्य किया । इस दौरान उन्होंने अपने दोनों शिक्षण विषयों में से प्रत्येक से 20- 20 कुल 40 अदद पाठ योजना का निर्माण किया । इसमें छात्राध्यापक एवं छात्राध्यापिकाएं विभिन्न विषय वर्ग की रही जैसे विज्ञान,कला,कृषि व वाणिज्य । शिक्षण अभ्यास के दौरान प्रतिभागियों ने विभिन्न प्रकार के मॉडल, , चित्र ,रेखाचित्र, वास्तविक वस्तु का प्रयोग विभिन्न संप्रत्ययों को सरलता से समझाने में किया । इस दौरान विभिन्न दृश्य श्रव्य सामग्रियों का प्रयोग करके अपने शिक्षण कार्य को प्रभावशाली बनाने का प्रयास प्रतिभागियों द्वारा किया गया ।
- पाठ्य सहगामी क्रियाएं - इंटर्नशिप के दौरान ही प्रतिभागियों ने विभिन्न शिक्षण सहायक गतिविधियों एवं पाठ्य सहगामी क्रियाओं यथा प्रार्थना सभा, राष्ट्रगान , मध्यान भोजन वितरण, राष्ट्रीय पर्व एवं धार्मिक पर्व का आयोजन, गीत -संगीत, नृत्य- गायन, कहानी कथन, निबंध प्रतियोगिता, क्विज प्रतियोगिता , अंत्याक्षरी प्रतियोगिता, पहेली पूछना, शैक्षिक भ्रमण, प्रयोगशाला प्रयोग , पुस्तकालय में अध्ययन, खेल कूद आदि में प्रतिभाग कर के वास्तविक अनुभव प्राप्त किया ।
- मूल्यांकन   इंटर्नशिप के दौरान छात्राध्यापकों एवं छात्राध्यापिकाओं नें छात्रों के मूल्यांकन की रणनीतियों को सीखा । इसमें उन्होंने साप्ताहिक परीक्षा का आयोजन किया जिसमें प्रश्न पत्र निर्माण की बारीकियों को जाना। इसी दौरान उन्होंने निदानात्मक एवं उपचारात्मक परीक्षणों का प्रयोग करना सीखा । विद्यालय के अर्द्धवार्षिक परीक्षाओं को संपन्न कराने में विभिन्न भूमिकाओं के रूप में सहयोग एवं उनकी जानकारी भी प्राप्त की । इसी दौरान उन्होंने कॉपियों का मूल्यांकन करने का अवसर प्राप्त किया और रिपोर्ट कार्ड तैयार करना सीखा । ग्रेडिंग के विभिन्न आयामों की व्यावहारिक जानकारी प्राप्त की ।
- क्रियात्मक अनुसंधान -
  इंटर्नशिप के दौरान प्रतिभागियों को अपने क्रियात्मक अनुसंधान की विषयगत जानकारी को व्यवस्थित करने का अवसर मिला जिसमें उन्होंने छात्रगत, विषयगत तथा कक्षागत तात्कालिक समस्याओं पर क्रियात्मक शोध करके ततसम्बन्धि निदान व उपचार प्रदान करना सीखा।

निरीक्षण- छात्राध्यापक और छात्र अध्यापिकाओं की समस्त गतिविधियों का निरीक्षण उक्त विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं संबंधित विषय अध्यापक द्वारा प्रतिदिन किया गया अपने कॉलेज श्री मुरली मनोहर टाउन स्नातकोत्तर महाविद्यालय के बी.एड. विभाग के प्राध्यापकों द्वारा भी नियमित रूप से पर्वेक्षण किया जाता रहा और आवश्यक सुझाव व निर्देश प्रदान किया गया। प्रर्वेक्षण कार्य में विभाग प्रभारी प्रोफेसर ओंकार सिंह , प्रोफेसर रामाकांत सिंह, प्रोफेसर संजय कुमार सरोज , डॉक्टर भारतेंदु मिश्रा, श्री उमेश कुमार तथा श्री बृज किशोर ने योगदान किया। इस प्रकार इंटर्नशिप का कार्यक्रम सकुशल संपन्न हुआ।

धन्यवाद